प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हजारीबाग से आदिवासी उत्थान के लिए करोड़ों की विकास योजनाओं की दी सौगात, कहा–जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का लगाया आरोप, कहा – राज्य में चल रहा ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग।
- झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा आज से अपने घोषणा पत्र के पांच प्रमुख बिंदुओं को जारी करना शुरू करेगी। ।
- राज्य के पहले ट्रांसपोर्ट नगर के फेज वन का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे लोकार्पण, फेज टू का होगा शिलान्यास।
- और शारदीय नवरात्र के पहले दिन आज भक्ति भाव से की जा रही मां शैलपुत्री की आराधना।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश के जनजातीय समुदाय को विकसित और सशक्त किये बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने ये बातें हजारीबाग में 83 हजार 3 सौ करोड़ की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने और लोकार्पण करने के बाद कहीं। इन परियोजनाओं में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शामिल है, जिसकी कुल लागत 79 हजार एक सौ 50 करोड़ रूपये है। इन परियोजनाओं में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत आने वाले कार्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने 40 एकलव्य विद्यालयों का लोकार्पण किया और 25 एकलव्य विद्यालयों की आधारशिला भी रखी।
हज़ारीबाग़ में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परिसर में लोगों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कई परियोजनाएं आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने और राज्यभर में ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के प्रयासों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देंगी।

*******************

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने वोट बैंक की राजनीति के लिए राज्य में लोगों की पहचान और संस्कृति को खतरे में डालने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा की आलोचना की है। श्री मोदी ने हज़ारीबाग में परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को सत्ता से हटाने के बाद ही राज्य विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने भाजपा की परिवर्तन यात्रा को केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि राज्य के भविष्य की सुरक्षा के लिए एक आंदोलन बताया। उन्होंने झारखंड की बेटियों, भूमि और आजीविका की सुरक्षा का वायदा किया। श्री मोदी ने कहा कि पड़ोसी बांग्लादेश से घुसपैठ के कारण संथाल परगना की डेमोग्राफी भी बदल गयी है।
श्री मोदी ने बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के लिए कांग्रेस–झारखंड मुक्ति मोर्चा–राष्ट्रीय जनता दल गठबंधन को दोषी ठहराया। उन्होंने राज्य सरकार पर ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग चलाने का आरोप लगाया।

*******************

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी अपने घोषणा पत्र के पांच प्रमुख बिंदुओं को आज से जारी करना शुरू करेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में झारखंड विधानसभा चुनाव के सह–प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पार्टी का घोषणापत्र चरणबद्ध तरीके से जारी किया जाएगा।

श्री सरमा ने कहा कि पार्टी राज्य के निर्माण के 25 साल पूरे होने के मद्देनजर 25 सूत्री घोषणा पत्र जारी करेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर राज्य के विकास के लिए 150 प्रतिबद्धताओं के साथ काम करेगी। 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव इस साल के अंत में होंगे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

राज्य का पहला बहुप्रतीक्षित ट्रांसपोर्ट नगर फेज–1 रांची के सुकरहुटू में बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज इसका लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर फेज–2 की आधारशिला भी रखी जाएगी।

*******************

आईआईटी आईएसएम धनबाद ने स्वच्छता अभियान को जारी रखने का संकल्प लिया है। इसके तहत प्रतिदिन 2 घंटे लोगों के बीच जाकर उन्हें सफाई का महत्व बताते हुए स्वच्छता में अपना योगदान देगा। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे धनबाद संवाददाता।

*******************

देवी दुर्गा की पूजा का 9 दिवसीय त्योहार–नवरात्रि आज धार्मिक उत्साह के साथ शुरू हो रहा है। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। पहले दिन देवी दुर्गा को शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है।

*******************

सरायकेला खरसांवा जिले के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने आदित्यपुर क्षेत्र में पार्किंग– ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चिन्हित पार्किंग स्पॉट का निरीक्षण किया । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी पूजा कमेटी को निर्देशित किया गया है कि पंडाल में सीसीटीवी कैमरे ,फायर फाइटिंग सिस्टम लगाना आवश्यक है। साथ ही पंडाल में प्रवेश और निकास द्वार पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखंड दौरे और हजारीबाग से करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात देने की खबर को रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर लिखा है– जनजातीय कल्याण के लिए 79 हजार करोड़ की सौगात, 65 हजार आदिवासी गांवों का होगा विकास।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है हमारी लड़ाई रोटी, बेटी और माटी की रक्षा की है।

प्रभात खबर ने फोटो स्टोरी के साथ लिखा है – कांटा टोली फ्लाई ओवर उद्घाटन के लिए तैयार।

कांग्रेस की टीम चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्रों का करेगी दौरा,शीर्षक के साथ हिंदुस्तान ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है – प्रधानमंत्री ने झारखंड को दिया करोड़ों का तोहफा।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी प्रधानमंत्री के दौरे की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

*************